Speed post

सत्यमेव जयते

# Government of India
# National Commission for Scheduled Tribes

File No. RU-IV/Maha/(VC)/Tour/2017 Dated: 31.05.2017

To

The Secretary,
Tribal Welfare Department,
Government of Maharashtra,
Mantralaya Annexe,
Mumbai -32.

**Sub:** Tour Report(s) of Miss Anusuiya Uike, Hon'ble Vice-Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to Maharashtra and Madhya Pradesh States from 08.02.2017 to 19.02.2017 and 07.03.2017 to 15.03.2017.

Sir/Madam ,

I am directed to enclose copy each of Tour reports of Miss Anusuiya Uike, Hon'ble Vice-Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to Maharashtra and Madhya Pradesh States from 08.02.2017 to 19.02.2017 and 07.03.2017 to 15.03.2017for necessary action.

It is requested that action taken/to be taken in the matter may be sent to the Commission.

Yours faithfully,

DSKumbhare

**(D.S. Kumbhare)**
**Under Secretary**

3658-60
01/6/17

जारी किया

Copy for information and necessary action to:-

The District Collector,
District – Nagpur,
(Maharashtra).

A copy of the tour report of Hon'ble Vice-Chairperson to the States of Maharashtra and Madhya Pradesh from 08.02.2017 to 19.02.2017 is enclosed for appropriate action.

O/C

6th Floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi -110003. Ph. 24601346 FAX: 24604689, 24657474
Toll Free: 1800117777 Website: http://ncst.nic.in

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार

# प्रवास प्रतिवेदन

**-:: TOUR - REPORTDATED 08/02/2017 TO 20/02/2017 ::-**

{CHHINDWARA, RAMTEK, NAGPUR, BAIHAR DIST. BALAGHAT}

छिन्दवाडा, रामटेक, नागपुर, बैहर जिला बालाघाट

सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार

---

सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग, भारत सरकार द्वारा दिनाँक 8 फरवरी 2017 से 19 फरवरी 2017 तक महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश का प्रवास किया गया। आयोग के मुख्यालय से बेतार संदेश संख्या TP/VC/NCST/2017/02 दिनाँक06/02/2017द्वारा मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिरीक्षक, संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को तथा आयोग के मध्यप्रदेश स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक एवं अन्य सर्वसंबंधितों को सूचित किया गया।

प्रवास का विस्तृत तिथिवार विवरण इस प्रकार से है :-

**<u>दिनाँक 08/02/2017</u>**



1) दिल्ली से वायुमार्ग से प्रस्थान कर नागपुर पहूँचने पर पर एयरपोर्ट पर श्री नयन काम्बले एवं परियोजना अधिकारी द्वारा अगवानी की गई। विश्राम गृह रविभवन में अल्पसमय के लिये रूककर स्थानीय आमजनों से मुलाकात की गई। विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर आदिमजाति कल्याण विभाग की गतिविधियों, छात्रावासों की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई, उनके द्वारा जानकारियाँ प्रदान की गई तदुपरांत नागपुर से छिन्दवाडा के लिये सडक मार्ग से प्रस्थान कर छिन्दवाडा में रात्रि विश्राम किया ।

**<u>दिनाँक 09/02/2017</u>**

2) निर्धारित समय 11.00 बजे छिन्दवाडा से पान्ढुर्ना के लिये प्रस्थान। पान्ढुर्ना में स्थानीय रेस्टहाउस में आमजनों से मुलाकात की गई और शासकीय योजनाओं के कियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया गया। वापसी में सौंसर नगर के उत्कृष्ट आदिवासी कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्रत्येक कक्षों तथा भोजन कक्ष में जाकर स्थिति का अवलोकन किया एवं छात्राओं से उनकी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई। छात्राओं ने अनुरोध किया कि उनके छात्रावास की छत जो कि नालीदार चादर की बनी है उसमें से

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi


बरसात का पानी टपकता है उसे बदलवाया जावे। गर्मी में कूलरों की व्यवस्था कराई जावे तथा छात्रावास जो कि 50 सीटर है उसे 100 सीट का करवाया जावे। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। उक्त कार्य सम्पन्न कराने हेतु संबंधित छिन्दवाडा जिले के कलेक्टर को इस संबंध में पृथक से पत्राचार किया गया है।





**<u>दिनाँक 10/02/2017</u>**

3) निर्धारित कार्यक्रम अनुसार छिन्दवाडा नगर के पूजा शिवी लान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेंटर्स का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण दिनाँक **08/02/2017**से **10/02/2017**के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती ब्राउन, श्री मिश्रा, जिला समन्वयक छिन्दवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, नरसिंहपुर उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में उक्त तीनों जिलों के 167 मेंटर्स उपस्थित थे। उल्लेखित है कि इस प्रशिक्षण में बुद्धिजीवियों द्वारा तीन दिन तक प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सामाजिक सहयोग तथा आम ग्रामीणजनों को विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं, लोगों को जागरूक करने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण का प्रमुख तथ्य यह था कि आमजनों में सहयोग की भावना विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। यह प्रशिक्षण अत्यन्त ही उपयोग और आदर्श राष्ट्रनिर्माण के लिये अत्याधिक उपयोगी प्रतीत होता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण सम्पूर्ण देश में चलाया जाना चाहिए। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए ।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi






**दिनॉक 11/02/2017**

4) निर्धारित कार्यक्रम अनुसार स्थानीय दशहरा मैदान में रोटरी क्लब छिन्दवाडा द्वारा आयोजित रोटरी कार्नीवाल में भाग लिया गया, जिसमें बडी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही। उदबोधन में आयोग की गतिविधियों से आमजनों को जागरूक किया गया। आमजनों एवं रोटरी क्लब द्वारा जिला चिकित्सालय में डायलिसिस मशीन की आवश्यकता से अवगत कराते हुए सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**दिनॉक 12/02/2017**

5) छिन्दवाडा से सुबह 9 बजे बैहर जिला बालाघाट के लिये प्रस्थान किया गया। बैगा अनुसूचित जनजाति वर्ग के बाहुल्य क्षेत्र में बैगा ओलम्पिक का तीन दिवसीय विशाल आयोजन किया गया था, जिसमें करीब 50 हजार व्यक्तियों तीन ने तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मेला, अत्योदय मेला, कृषि मेला, केशलेश ट्रॉंज्केशन का प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सभी प्रकार के खेलों एवं रोमांचक खेलों का भी आयोजन किया गया था। इन खेलों में 1200 आदिवासियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। इस कार्यक्रम में श्रीमती रेखा बिसेन, अध्यक्ष जिला पंचायत, बालाघाट, श्री बोधसिंह भगत, अध्यक्ष राज्य अनुसूचित जनजाति आयोगछत्तीसगढ, श्री भरत यादव कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंत में पुरूस्कार वितरण किया गया। अपने उद्बोधन में अनुसूचित जनजाति आयोग की गतिविधियों, कार्यप्रणाली, इत्यादि की विस्तार से आदिवासियों एवं उपस्थित जन समूह को जानकारी प्रदान की गई। छिन्दवाडा लौटने पर नगर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों जिसमें इडीफाई स्कूल तथा शतरंज प्रतियोगिता में उपस्थित रही।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

**दिनाँक 13/02/2017**

6) सत्यम सतपुडा समाज सेवा समिति छिन्दवाडा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण केन्द्र प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र में किट वितरण एवं प्रमाणपत्र वितरण में भाग लिया इस कार्यक्रम में करीब 300 प्रशिणार्थियों को भारत सरकार की योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण उपरांत किट तथा प्रमाण–पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिकाँश महिलाएँ उपस्थित थीं। कौशल विकास के लाभ एवं आयोग की गतिविधियों, कार्य–प्रणाली की सूचना के साथ ही साथ शोषण के खिलाफ किस प्रकार महिलाओं को जागरूक रहते हुए अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

**दिनाँक 14/02/2017**

7) निर्धारित समय पर छिन्दवाड़ा से सावनेर रामटेक का प्रवास किया गया। रामटेक में स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्री देवीसिंह राजगीर एवं अन्य शिक्षक व कर्मचारी के साथ ही साथ छात्र छात्राएँ भी विद्यालय में पाए गये। वर्तमान में यह विद्यालय निजी भवन में संचालित है, भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ है। विद्यालय में कम्प्यूटर एवं शुद्ध पेयजल के लिये मशीन की कमी हैं। चूँकि इस क्षेत्र में गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी पड़ती है, शाला कक्षों में कूलर का भी अभाव पाया गया। उक्त सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाने की आवश्यकता है। संबंधितों को लिखा जाना उपयुक्त होगा। शेष व्यवस्थाएँ एवं शिक्षण का स्तर संतोषजनक पाया गया।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi






8) विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों द्वारा सेवा संबंधी समस्याओं से शिक्षकों द्वारा अवगत कराया गया कि यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ की गई थीं तथा बाद में इस विद्यालय के संचालन के लिये महाराष्ट्र शासन को सौंप दिया गया। नियुक्ति के समय महाराष्ट्र शासन द्वारा कर्मचारियों को शासकीय कर्मचारियों के समान सुविधाएँ एवं लाभ प्रदान करने का वादा किया गया किन्तु अब उन्हें पेंशन, जीपीएफ, ग्रेडपे इत्यादि लाभ नहीं दिये जा रहे हैं। इस हेतु कर्मचारियों द्वारा महाराष्ट्र शासन से अनुरोध भी किया था किन्तु कार्यवाही अपेक्षित हैं, इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है। उपयुक्त होगा कि महाराष्ट्र शासन के संबंधित अधिकारियों से पत्राचार अथवा समक्ष में उपस्थित करवाकर उत्तर प्राप्त कर कार्यवाही कराई जावे।

9) नागपुर स्थित रविभवन में नागरिकों से मुलाकात एवं संध्या 5.00 बजे शिक्षक सहकारी बैंक सभागृह शुकवारी तालाब के पास महल नागपुर में **राजरत्न पुरुस्कार वितरण समारोह** में उदघाटक के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर सम्पूर्ण महाराष्ट्र के आए प्रतिनिधि आचार्य श्री जितेन्द्रनाथ महाराज, श्री भाऊ जामवंतराव जी धोटे एवं श्रीमंत राजे रघुजी भोंसले पंचम उपस्थित रहे। इस अवसर में 9 श्रेष्ठ व्यक्तियों को विशेष क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिये पुरुस्कार वितरण किये गये। आयोजन में आयोग के संबंध में उपस्थित व्यक्तियों को जानकारी प्रदान की गई।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi





**दिनाँक 15/02/2017**

10) निवास पर आम जनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का जायजा लिया गया।

**दिनाँक 16/02/2017**

11) निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया गया। अपने उदबोधन में उपस्थित छात्राओं को मार्गदर्शन तथा आयोग की गतिविधियों, कार्यप्रणाली इत्यादि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में नगर के गणमान्य नागरिक, पालक, छात्र छात्राएँ महापौर श्रीमती कांता सदारंग, श्री चौधरी चन्द्रभानसिंह, विधायक छिन्दवाडा, श्री कन्हईराम नरघुवंशी, पूर्व प्राचार्य श्री अग्रवाल जी इत्यादी प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।




12) संध्या के समय आदिवासी क्षेत्र बिछुआ के सरस्वती शिशुमंदर के कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्र छात्राओं एवं उपस्थित नागरिकों की समस्याएँ सुनी एवं आयोग के संबंध में

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट छात्र छात्रओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये।

**दिनाँक 17/02/2017**

13) निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सुदूर आदिवासी क्षेत्र सिंगोडी, अमरवाडा, धनौरा, बटकाखापा, हर्रई का प्रवास किया गया। ग्राम सिंगोडी के **प्री-मैट्रिक बालक आदिवासी छात्रावास सिंगोडी** का निरीक्षण किया गया।

14) छात्रों तथा पालकों द्वारा इस छात्रावास में सीट वृद्धि का अनुरोध किया गया, वर्तमान में यह छात्रावास 50 सीटर है जिसे 100 सीटर किया जाने की आवश्यकता है।


15) छात्रावास का भवन जर्जर एवं पुराना है नवीन भवन एवं वाउण्ड्रीवाल भी बनाए जाने की मांग की गई जो कि उपयुक्त है। आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए।

16) यहाँ पर कन्या छात्रावास की भी आवश्यकता प्रतीत होती है, विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रस्ताव भेजा गया है, शासन को इस संबंध में लिखा जाना उपयुक्त होगा।

17) यह भी ज्ञात हुआ कि छात्रावास अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये है किन्तु अधीक्षक ओबीसी वर्ग के पदस्थ हैं, परीक्षण करवाकर कार्यवाही की जावे।

18) प्री-मैट्रिक आदिवासी एवं पोस्ट में मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास अमरवाडा का निरीक्षण किया गया, अधीक्षिका एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। छात्राओं से चर्चा कर उन्हें प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गई। स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। छात्रावास में खेल मैदान की कमी एवं पेयजल की समस्या पाई गई जिसे समाप्त किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही छात्रावास की वाउण्ड्रीवाल से लगे अतिकमण को हटवाने के निर्देश दिये गये। छात्रावास में वाटर कूलर की भी आवश्यकता है। कुछ समय उपरांत फालोअप के लिये पुनः छात्रावास का निरीक्षण करने के लिये सूचित किया गया।







सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi


19) बटकाखापा विश्राम गृह में स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकास के लिये चलाई जा रही शासकीय योजनओं का ब्यौरा लिया गया आवश्यक निर्देश उपस्थित अधिकारियों को प्रदान किये गये।

20) प्री–मैट्रिक अनुसूचित जनजाति एवं पोस्ट में मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास बटकाखापा का निरीक्षण कर छात्राओं से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर निरीक्षण किया गया, व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गई।

21) हरई में नागरिकों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत आम नागरिकों से शासकीय योजनाओं के कियान्वयन की स्थिति ज्ञात की गई। उपस्थित जन समूह को अनुसूचित जनजाति आयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए आयोग से आवश्यकतानुसार संपर्क करने हेतु सुझाव दिये गये। आम नागरिकों द्वारा हर्रई में सिविल कोर्ट स्थापना का अनुरोध किया गया। यह क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है और उन्हें न्याय पाने के लिये दूर जाना पडता है, सिविल कोर्ट की आवश्यकता है। आयोग से संबंध में मध्यप्रदेश शासन को पत्राचार किया जावे।

22) हर्रई में संचालित अनुसूचित जनजाति छात्र आश्रम शाला का निरीक्षण किया गया। निवासरत छात्र निरीक्षण के समय भोजन करने की तैयार कर रहे थे, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, बच्चों से बातचीत की गई। छात्रावास की व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गई। यह आश्रम शाला कक्षा पाँचवी तक है, इसे 10 तक किये जाने की आवश्यकता है, संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही के लिये आयोग स्तर से लिखा जावे।





**<u>दिनाँक 18/02/2017</u>**


23) स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय छिन्दवाडा में आयोजित रोजगार मेले में उपस्थित होकर आए बेरोजगार युवक युवतियों से चर्चा की गई। उपस्थित बेरोजगारों एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को आयोग के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।




सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India

दिनाँक 19/02/2017

24) छिन्दवाडा में आयोजित आदिवासी महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर आदिवासी वर्ग के जन प्रतिनिधि श्रीमती कांता ठकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष, श्री मनमोहन शाह बट्टी, पूर्व विधायक, श्री रामराव कवडेती पूर्व विधायक, श्रीमती उर्मिला भारती अध्यक्ष भारिया विकास प्राधिकारण तामिया, श्री मोरेश्वर मर्सकोले के अलावा लगभग 6000 अनुसूचित जनजाति वर्ग के नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर बडी संख्या में महिलाओं की भी सहभागिता रही। प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए सुझाव एवं मांग प्रस्तुत की गई।





25) अपने उदबोधन में अपार जन समूह को अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यकलापों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करनेके लिये प्रेरित किया गया। इस महा सम्मेलन में यह ज्ञात हुआ कि चूँकि अनुसूचित जनजाति आयोग इसी वर्ग के व्यक्तियों के लिये कार्य करता है किन्तु उन्हें ही इसके बार में जानकारी नहीं है।

इस सम्मेलन के कुछ प्रमुख तथ्य इस प्रकार से हैं :-

**A.** **छिन्दवाडा में निर्मित होने वाले चिकित्सा महाविद्यालय का नाम बादल भोई चिकित्सा महाविद्यालय छिन्दवाडा किया जावे।**

**B.** **शासन में बैकलाग के जो रिक्त पद हैं उन्हें शीघ्र भरा जावे।**

**C.** **जिले में आयोग का एक शिविर / कार्यकम आयोजित करते हुए आयोग की गतिविधियों की जानकारी स्थानीय भाषाओं में दी जावे तथा इस अवसर पर सुनवाई भी की जावे।**

**D.** **सौंसर के 8 ग्रामों को जो कि विस्थापन के उपरांत बसाए गये थे करीब 60 वर्षो उपरांत आज तक आवास के हक अभिलेख/ प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं शीघ्र दिलाए जावे।**

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

E. जिले से मजदूरों का पलायन हो रहा है रोका जाना चाहिए।

F. वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत अधिकार अभिलेखों के वितरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

G. आदिवासियों की जमीनों पर जिन सामान्य वर्ग के व्यक्तियों ने कब्जा किया हुआ है उसे शीघ्र हटाया जावे।

26) प्रवास में प्राप्त प्रमुख तथ्य एवं उन पर की जाने वाली कार्यवाही की अनुशंसा

1. छिन्दवाडा जिले में स्वीकृत एवं निर्मित हो रहे चिकित्सा महाविद्यालय का नाम जिले के महान आदिवासी व्यक्तित्व एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री बादल भोई के नाम पर **बादल भोई चिकित्सा महाविद्यालय छिन्दवाड़ा** रखा जावे। इस हेतु मध्यप्रदेश शासन को आयोग की ओर से प्रस्ताव / सुझाव शीघ्र भेजा जावे।
2. छिन्दवाडा जिले में आयोग का शिविर लगाया जावे जिसमें आयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी स्थानीय भाषाओं जिसमें गोंडी भी शामिल हो में आमजनों को दी जावे। साथ ही पूरे देश में हर प्रदेश में निवासरत आदिवासियों के लिये उनकी क्षेत्रीय भाषा में जानकारी उपलब्ध कराई जावे।
3. रिपोर्ट में जहाँ जहाँछात्रावासों में सीट वृद्धि एवं नवीन भवन निर्माण कार्य, सुविधाओं की माँग की गई है उसके लिये आयोग स्तर से संबंधित शासकीय विभागों को लिखा जावे।
4. सौंसर जिला छिन्दवाडा के ग्रामों पंढरी, मोरगाँव, कच्छीढाना के आदिवासियों को उनके निवास, खेत के भू-अभिलेख तत्काल प्रदाय करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे।
5. एकलव्य आवासीय विद्यालय रामटेक के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिये महाराष्ट्र सरकार से पत्राचार किया जावे, आवश्यकता हो तो प्रकरण दर्ज कर आयोग के समक्ष सुनवाई हेतु शीघ्र बुलाया जावे।
6. अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं से अन्य वर्ग के व्यक्तियों द्वारा विवाह कर जो लाभ प्राप्त किया जाता है उसको रोकने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जावे।
7. एकलव्य आवासीय विद्यालायों में भवन निर्माण के साथ ही साथ पेयजल व्यवस्था, वाटर कूलर, तथा गर्मियों के लिये कूलर की व्यवस्था को जोडकर निर्माण कार्य कराए जाने की व्यवस्था को शामिल करने के लिये संबंधित विभागों को लिखा जावे।

सुश्री अनुसुईया उइके

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi